सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय | SOBAN SINGH JEENA UNIVERSITY
अल्मोड़ा, उत्तराखंड | ALMORA, UTTARAKHAND

पत्रांकः—SSJU/Enterance/2025—26/2370 दिनांकः—24.09.2026 28

सेवा में,

कुलसचिव,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

विषय— शैक्षणिक सत्र 2026—27 में एल—एल0बी0 एवं एल—एल0एम0 पाठ्यक्रमों में मैरिट आधारित प्रवेश के संदर्भ में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन के पत्र पत्रांक—435063/XXIV-C-1/2026-01(22)2025(E-91560), दिनांक— 24 सितंबर, 2026 के क्रम में अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2026—27 में एल—एल0बी0 एवं एल—एल0एम0 पाठ्यक्रमों में मैरिट के आधार पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश किए जाने का आदेश प्राप्त हुआ है। **अतः आपसे निवेदन है कि पूर्व में विश्वविद्यालय से एल—एल0बी0 एवं एल—एल0एम0 पाठ्यक्रमों के लिए निर्गत की गई प्रवेश विज्ञप्ति, आदेश सं0—सो0सिं0जी0/संयु0/एलएल0बी0/2026—27/09, दिनांक—11.09.2026 एवं सो0सिं0जी0/संयु0/एलएल0एम0/2026—27/10, दिनांक— 11.09.2026 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है** तथा आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने स्तर से आपके विश्वविद्यालय के सेवित क्षेत्र के विधि संस्थानों को निर्देशित/प्रसारित करने का कष्ट करेंगें कि संबंधित संथानों में एल—एल0बी0 एवं एल—एल0एम0 पाठ्यक्रमों में समर्थ के माध्यम से ही मैरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया संपादित की जाएगी। तद्क्रम में मैरिट के आधार पर प्रवेश हेतु नवीन विज्ञप्ति आपके अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु यथाशीघ्र प्रेषित की जाएगी।

**समस्त ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व की विज्ञप्ति के अनुसार प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन किया गया है वे नवीन विज्ञप्तिनुसार पुनः पंजीकरण/आवेदन न करें उनका पूर्व में आवेदित आवेदन ही मान्य होगा।**

कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. परीक्षा नियंत्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
2. परीक्षा नियंत्रक, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
3. वित्त अधिकारी, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
4. श्री अभिषेक, समर्थ नोडल, नई दिल्ली को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे उक्तानुसार समर्थ पोर्टल में आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।
5. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव